प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के तीसरे दिन कानून व्यवस्था, स्वास्थ सेवाओं और बेरोज़गारी को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा : कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का किया प्रयास।
2. संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा— सरकार बिना किसी के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किये कानून व्यवस्था का करा रही है पालन।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह का लखनऊ में करेंगे शुभारंभ : 25 दिसंबर तक प्रदेश भर में होंगे विविध कार्यक्रम। और
4. महाकुम्भ में संगम पर श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए गंगा की तीन धाराओं को किया गया एक : मेला क्षेत्र को मिली करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का तीसरा दिन हंगामेदार रहा। कांग्रेस ने आज कानून व्यवस्था और बेरोज़गारी के मुद्दे पर धरना दिया और विधानसभा का घेराव करने की कोशिश की। जिसके चलते दिनभर शहर में यातायात प्रभावित रहा। वहीं विधान सभा के अंदर भी कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का मुद्दा छाया रहा। सदन में कांग्रेस की

नेता प्रतिपक्ष आराधना मिश्रा ने सरकार पर धरना प्रदर्शन में शामिल न होने देने का आरोप लगाया। सदन में इसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार बिना किसी के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किए रूल ऑफ लॉ को लागू कर रही है। बाइट.....

*सरकार पूरी तरह सेरूल ऑफ लॉ को सख्ती से लागू कर रही है। लेकिन किसी के भी लोकतांत्रिक अधिकारों काहनन नहीं हो रहा है। यह आरोप गलत है कि किसी के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन होरहा है। अब आपकी अपनी परहेशानी हो सकती है , कोई मजबूरी हो सकती है कि आप नहीं जापाईं। लेकिन किसी ने रोका नहीं मान्यवर।*

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस को आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि आज प्रदेश हर क्षेत्र में विकास की ओर आगे बढ़ रहा है, जबकि कांग्रेस के पास कोई जनाधार नहीं बचा है। बाइट......

*उत्तर प्रदेश आजपूरे राष्ट्र में नम्बर वन राज्य के रूप में स्थापित होने जा रहा है। लॉ एंड ऑर्डरयहां सर्वश्रेष्ठ है। इंफ्रास्ट्रकचर यहां का सर्वश्रेष्ठ है। कांग्रेस पार्टी के पास न कोई कार्यकर्ता है न कोई नीति है ,न कोई एजेंडा है। उनकी नेता विदेशी एजेंडालेकर घूम रही है। और भारत की स्छिति पर उनको कोई चिंता नहीं है। उत्तर प्रदेश कगीस्तिथि पर उनको कोई चिंता नहीं है। हमारी सरकार प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के लिएप्रबदिधता के साथ उनके सुख दुख में खड़ी होकर उनके जीवनस्तर को ऊपर उटाने मेंकामयाबी हासिल की है।*

विधान सभा में आज प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जवाब पर सपा सदस्यों ने भी जमकर हंगामा किया। हंगामें के चलते सपा विधायक अतुल प्रधान को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूरे शीतकालीन सत्र की कार्यवाही से निष्कासित कर दिया। उपमुख्यमंत्री केशव

प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के सदस्य सदन के अंदर नियमों के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं। बाइट.......

*समाजवादी पार्टी का हाल बेहाल है । यह बौखलाहट लमें सदन के अंदर नियमों के विरुद्ध परम्पराओं के विरुद्धअनर्गल बयानबाज़ी ,अनर्गल बातें जनता भी देख रही है और सदन भी देख रहा है। औरविधानसभा अध्यक्ष को अधिकार है कि वह अपने अधिकारों का प्रयोग नियम के दायरे में करें।*

उधर, विधान परिषद में आज बिजली के निजीकरण, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के खिलाफ धरना दे रहे शिक्षकों और हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में नियमों की अनदेखी कर परीक्षा केन्द्र बनाये जाने का मुद्‌दा उठा। इसके अलावा परिषद की कारवाई के दौरान सात विधेयक भी पेश किए गए।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज वाराणसी के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में महिलाओं को होने वाले कैंसर से बचाव के लिए जीवन रक्षा एच.पी.वी. वैक्सीन अभियान का शुभांरभ किया। राज्यपाल ने सबल काशी कार्यक्रम का बटन दबाकर उद्‌घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर में छात्राओं से संवाद किया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार का ध्यान महिलाओं के उत्थान पर है। महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में काफी काम किया जा रहा है। इस अभियान में आगामी 15 दिनों में ज़िले के सभी स्कूलों की 9 से 14 वर्ष की छात्राओं का शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जायेगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल पूर्व प्रधानमंत्री  भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह का लखनऊ में शुभारंभ करेंगे। यह समारोह प्रदेश भर में 19 से 25 दिसंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट..........

*पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन संस्कृति विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश भर में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्यपाठ समेत अनेक आयोजन होंगे। इस दौरान एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत सांस्कृतिक आदान–प्रदान के लिए उत्तर प्रदेश का कई राज्यों के साथ एमओयू होगा। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों के विजेताओं को श्री वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर लोकभवन में सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं सभी ज़िलों के माध्यमिक विद्यालयों में आज से 25 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्ष से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी, भर्ती परीक्षाएं नहीं। श्री प्रधान ने कहा कि त्रुटि मुक्त परीक्षा संचालित करने और जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

——————————

लखनऊ के रहमानखेड़ा के आसपास बाघ देखे जाने की खबर से इलाके में दहशत का माहौल है। आज सुबह यह बाघ कटौली और जमालनगर में देखा गया है। बाघ की सूचना पर कटौली पहुंची वन विभाग की टीम ने पग–मार्क का निरोक्षण किया और थर्मल ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की। वन विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि बाघ सीतापुर से जंगल के रास्ते लखनऊ में दाखिल हुआ है। डीएफओ सितांशु पांडे ने बताया कि वन विभाग की ओर से सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। बाइट.......

*यहां पर 4 पैटेरोलिंग टीमों का सेट अप कर दिया गया है।उन टीमों द्वारा गश्त की जा रही है।रात में भी टीम रुक रही है। बाहर की टीमों को भी बुला लिया गया है। 30– से 32लोगों की टीम यहां पर बना दी गई है उनको निर्देश मिले है कि पेट्रोलिंग की जाए।यहां पर 2 पिंजरे लगा दिए गए हैं और 12 कैमरा ट्रैप्स लगा दिए गए है। तो उस कैमराट्रेप के माध्य से हम टाइगर का मूवमेंट चेक कर रहे हैं। आज कटौली गांव में टीम आईहै और लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। कहा गयाहै कि बाहर ना निकला जाएसूर्योदय के पहले और सूर्यास्त के बाद ना निकला जाए।*

———————————

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को संगम पर सुगम स्नान की सुविधा देने के लिए गंगा की तीन धाराओं को एक कर दिया गया है। शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक तीन धाराओं में बह रहीं गंगा को एक किए जाने से श्रद्धालुओं को पहली बार एक ही स्थान पर स्नान की सुविधा मिलेगी। पेश है एक रिपोर्ट.........

*प्रदेश सरकार ने आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञ टीम से सर्वेक्षण कराने के बाद चार विशाल ड्रेजिंग मशीनों की मदद से गंगा के प्रवाह को विस्तार दिया है। इस जगह को समतल करने के लिए पांच लाख मीट्रिक टन बालू का इस्तेमाल किया गया है। वर्तमान में मां गंगा के एक धारा में प्रवाहित होने से मेला क्षेत्र को करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह मिली है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ एक जगह पर स्नान कर सकेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

केन्द्र सरकार द्वारा भारत को टीबी मुक्त बनाने के उद्‌देश्य से शुरू किये गये सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत प्रदेश के 15 जिलों को चिन्हित किया गया है। प्रदेश सरकार के राज्य क्षय अधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि केन्द्र सरकार के तय मानकों के आधार पर इन जिलों का चयन किया गया है और टीबी के लिहाज से 15 जिले अति संवेदनशील है। बाइट......

*चयन भारत सरकार ने किया है। प्रदेश सरकार उसको इम्प्लीमेंट कर रही है और चयन का क्राइटेरिया तीन है। पहला डेथ ज्यादा होना, दूसरा केसेज ज्यादा निकलना। तीसरा टीबी की जांचे कम होना। उत्तर प्रदेश में*

*पंद्रह जिले इसी आधार पर चिन्हित किए गए भारत सरकार के द्वारा पर चिन्हित किए गए भारत सरकार के द्वारा।*

——————————

हज यात्रा 2025 पर जाने वाले आजमीन–ए–हज के लिए दूसरी किस्त जमा करने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि एक जिले के लोगों को सऊदी अरब में एक ही होटल में ठहराने के प्रयास किया जा रहे हैं।

——————————

अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शहर के 18 स्थानों पर पब्लिक हेल्थ एटीएम लगा रहा है। सभी हेल्थ एटीएम जल्द अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगे। नगर निगम में आज हेल्थ एक्सपर्ट को हेल्थ एटीएम को संचालित करने की ट्रेनिंग दी गई। मरीज अपने नजदीकी हेल्थ एटीएम के पास जाकर 7 से अधिक जांच करवा सकेगा, साथ ही मरीज की सारी जानकारियां हेल्थ एटीएम में दर्ज हो जाएंगी। हेल्थ एक्सपर्ट को ट्रेनिंग दे रहे एक्सपर्ट शिवम सिंह ने बताया कि 10 से 15 मिनट में मरीज को अपनी रिपोर्ट हेल्थ एटीएम से ही प्राप्त हो जाएगी, रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद डॉक्टर भी ऑनलाइन परामर्श देंगे।

(समाप्त)